# संयुक्त राज्य अमेरिका का संसदभवन

# पर्यटक मार्गदर्शिका

U.S. CAPITOL
पर्यटक केंद्र



# अमेरिका के संसदभवन में आपका स्वागत है

अमेरिका के ऐतिहासिक संसदभवन की आपकी यात्रा संसदभवन पर्यटक केंद्र में प्रवेश करते ही शुरू हो जाती है। अपनी ऊंची छत और उस पर लगे आकाश-दर्शी शीशे से दिखाई देते संसदभवन के गुम्बद के दृश्यों के साथ, संसदभवन पर्यटक केंद्र इस खोज यात्रा पर आपका स्वागत करता है। अमेरिका का संसदभवन वह स्थल है जहाँ अमेरिका की संसद, जिसे कोंग्रेस कहा जाता है, और उसके दो विधायी निकाय, अमेरिका का प्रतिनिधि सदन और अमेरिकी सेनेट, स्थित हैं। फिल्मों, प्रदर्शनियों और पर्यटनों के माध्यम से, आप जानेंगे कि कांग्रेस कैसे काम करती है, यह शानदार इमारत कैसे बनाई गई थी, और प्रतिनिधिक लोकतंत्र कहलाने वाले इस असाधारण प्रयोग में नागरिक कैसे भाग ले सकते हैं।

अपोथिओसिस ऑव जार्ज वाशिंगटन

अमेरिका का संसदभवन अमेरिकी लोगों के लिए एक स्मारक के रूप में खड़ा है। यही वह स्थल है जहां राष्ट्र के सामने मौजूद मुद्दों पर विचार किया जाता है, बहस होती है, और उन्हें क़ानून का रूप दिया जाता है। अमेरिका के संसदभवन में अमेरिकी कला का एक महत्वपूर्ण संग्रह भी है, और यह अपने आप में वास्तुशिल्प की एक उपलब्धि है। अमेरिका के संसदभवन में इतिहास रचा जाता है, और संसदभवन पर्यटक केंद्र उस इतिहास के लिए आपका प्रवेश द्वार है।

18 दिसंबर, 2007 को, कांग्रेस ने अमेरिकी संसदभवन के निर्माण में मदद करने वाले गुलाम मज़दूरों के योगदान को मान्यता देने के लिए संसदभवन पर्यटक केंद्र के केंद्रीय स्थल को "इमैन्सिपेशन हॉल" (मुक्ति हॉल) का नाम देने का क़ानून पारित किया। इमैन्सिपेशन हॉल, जो संसदभवन पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर स्थित है, संसदभवन देखने के लिए आने वाले पर्यटकों के लिए एकत्र होने का एक केंद्रीय स्थान है।

## अमेरिकी संसदभवन के मार्गदर्शित भ्रमण

अमेरिकी संसदभवन के मार्गदर्शित भ्रमण (गाइडेड टूर) संसदभवन पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर ओरिएंटेशन थिएटर से शुरू होते हैं। एक 13 मिनट की फिल्म "अनेकों में से, एक," दर्शाती है कि इस देश ने कैसे एक नई तरह की सरकार स्थापित की; अमेरिकियों के दैनिक जीवन में संसद की अति-महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है; और आपका उस इमारत से परिचय कराती है जिसमें अमेरिकी संदाद का निवास है।

संसदभवन के भ्रमण निशुल्क हैं और सोमवार से शनिवार तक सारे दिन सुबह 8:40 से - शाम 3:20 के बीच उपलब्ध हैं। भ्रमण अनुमति-पत्र (टूर पास) आवश्यक हैं।

**अग्रिम अनुमति पत्र (एडवांस पास):** भ्रमण पहले से बुक किये जा सकते हैं - ऑनलाइन www.visitthecapitol.gov पर, अपने सेनेटरों या प्रतिनिधियों के कार्यालयों के माध्यम से, या संसदभवन पर्यटन केंद्र के पर्यटक सेवा कार्यालय को 202-226-8000 पर फ़ोन करके।

**उसी दिन के लिए अनुमति पत्र:** संसदभवन पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर इमैन्सिपेशन हॉल में सूचना डेस्क पर प्रत्येक दिन सीमित संख्या में अनुमति पत्र उपलब्ध होते हैं।

## विशिष्ट भ्रमण और कार्यक्रम

विशिष्ट भ्रमण या गतिविधि के माध्यम से संसद और संसदभवन के इतिहास के बारे में और जानें। अद्यतन कार्यक्रम की जानकारी इमैन्सिपेशन हॉल में सूचना डेस्क पर या www.visitthecapitol.gov/event-calendar पर प्राप्त की जा सकती है।

## प्रदर्शनों को ध्यान से देखें

अमेरिकी संसद और संसदभवन की कहानी बयान करने के प्रति समर्पित हमारे प्रदर्शनों को देखें। संसद के कार्यकलाप के बारे में फिल्मों का आनंद लें और अपने प्रतिनिधि तथा सेनेटरों का पता लगायें। उन वास्तुशिल्पीय प्रतिमानों को देखें जो यह दर्शाते हैं कि समय बीतने के साथ अमेरिकी संसदभवन में कैसे बदलाव आये हैं, और राष्ट्रपति लिंकन के दूसरे शपथ-ग्रहण की उस मेज़ को देखें जो संसदभवन गुम्बद के सांचे को ढालते समय बच गए अधिशेष लोहे से बनाई गयी थी। "व्याख्यात्मक कार्ट" कहलाने वाली उन पहिया–मेजों के बारे में सजग रहें जिनके पास खड़े कर्मी दल के सदस्य विधेयक के क़ानून बनने की प्रक्रिया से लेकर संसदभवन की कला और वास्तुकला तक विविध विषयों पर प्रकाश डालते हैं. सुबह 8:30 से - शाम 4:30, सोमवार से – शनिवार, संसद भवन पर्यटन केंद्र की निचली मंजिल पर

## संसद को सत्र में देखना

**अनुमति पत्र:** जब भी सेनेट अथवा प्रतिनिधि सदन का सत्र चल रहा हो तो उन सदनों की गैलरियां पर्यटकों के लिए खुली होती हैं; लेकिन संसदभवन-भ्रमण के हिस्से के रूप में गैलरियां शामिल नहीं हैं। अनुमति पत्र की आवश्यकता होती है और वे आपके सेनेटर या प्रतिनिधि के कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं। गैलरी तक जाने का रास्ता संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर शुरू होता है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटक इस बारे में ऊपरी मंज़िल पर प्रतिनिधि सदन और सेनेट के अपॉइंटमेंट डेस्क पर पूछताछ कर सकते हैं।

**प्रतिनिधि सदन का समय:** जब सदन सत्र में न हो, तो अनुमति-पत्र धारक पर्यटकों को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार तक गैलरी में प्रवेश मिल सकता है। मांग के आधार पर गैलरी में अंतिम प्रवेश शाम 4 से पहले भी हो सकता है। गैलरी सप्ताहांत और छुट्टियों में बंद रहती है, जब तक कि सदन का सत्र न चल रहा हो । जब सदन में सत्र न चल रहा हो तब सदन गैलरी को अनियोजित, अस्थायी तौर पर बंद किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया www.house.gov पर जाएं।

**सेनेट का समय:** सेनेट गैलरी एक हफ़्ते या उससे अधिक के निर्धारित अवकाश के दौरान खुली होती है, और अनुमतिपत्र धारक पर्यटकों को सुबह 9 बजे से शाम 4:15 बजे तक सोमवार से शुक्रवार तक प्रवेश दिया जाता है। सप्ताहांत और छुट्टियों में गैलरी बंद होती है, जब तक कि सेनेट का सत्र न चल रहा हो, और किसी भी अवकाश या एक सप्ताह से कम समय के स्थगन के दौरान भी। सेनेट गैलरी के घंटे बदल सकते हैं। जानकारी के लिए कृपया 202-224-0057 पर कॉल करें।

## संसद का पुस्तकालय

पर्यटकों को संसदभवन पर्यटक केंद्र से लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस टनल के माध्यम से राष्ट्र की एक महान धरोहर, संसद के पुस्तकालय की ऐतिहासिक थॉमस जेफ़रसन बिल्डिंग तक सीधे पहुंच प्राप्त है। टनल का प्रवेश संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर प्रतिनिधि सदन के अपॉइंटमेंट डेस्क के पास स्थित है।

## संसदभवन का मैदान

संसदभवन 58.8 एकड़ में फैले घुमावदार रास्तों, स्मारक वृक्षों, आमंत्रित करते हुए बेंचों, और मौसम के अनुसार बदले जाने वाले खूबसूरत फूलों के बीच स्थित है। आज भी मैदान 1892 में प्रसिद्ध लैंडस्केप आर्किटेक्ट फ़्रेडरिक लॉ ओल्मस्टेड द्वारा पूरी की गयी योजना को प्रतिबिंबित करता है। जब आप मैदान की सैर करें तो पूर्वी प्लाज़ा पर शानदार कांस्य और पत्थर के फ़व्वारों और लालटेनों पर ध्यान दें, जिन्हें संसदभवन पर्यटक केंद्र के निर्माण के दौरान उनकी मूल सुंदरता में पुनर्स्थापित किया गया था।

संसदभवन मैदान ने राष्ट्रपतियों के शपथ ग्रहण समारोहों, स्वतंत्रता दिवस के संगीत कार्यक्रमों, और तीस लाख से अधिक लोगों की वार्षिक यात्राओं का आतिथेय किया है। हम आपको इस ऐतिहासिक परिदृश्य का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## अपने भ्रमण के दौरान अवश्य देखें

**विशिष्ट भ्रमण –** *विज्ञापन-पत्रिका संसद भवन पर्यटन केंद्र में इस महीने में देखें या संसदभवन पर्यटक केंद्र के कर्मचारी वर्ग से समय-सारिणी के बारे में पूछें*

**विशेष गतिविधियाँ तथा परिवार कार्यक्रम –** *विज्ञापन-पत्रिका संसद भवन पर्यटन केंद्र में इस महीने में देखें या संसदभवन पर्यटक केंद्र के कर्मचारी वर्ग से समय-सारिणी के बारे में पूछें*

**राष्ट्रपति एब्राहम लिंकन के द्वितीय शपथग्रहण की मेज़ -** संसदभवन गुम्बद के सांचे को ढालते समय बच गए अधिशेष लोहे से बनी (इमैन्सिपेशन हॉल, मैसाचुसेट्स ऐतिहासिक सोसायटी के सौजन्य से)

*लिंकन की मेज़*

**छत पर लगे आकाश-दर्शी शीशों (स्काइलाईट्स) से गुंबद का दृश्य –** पर्यटक केंद्र की निचली या ऊपरी मंज़िल से, बस ऊपर देखें!

**स्वतंत्रता की मूर्ति के लिए प्लास्टर का प्रतिमान –** जिसका इस्तेमाल संसदभवन गुम्बद के ऊपर स्थापित स्वतंत्रता की कांस्य मूर्ति को ढालने के लिए किया गया *(मुक्ति हॉल)*

**मूर्ति संग्रह -** नेशनल स्टेट्युरी हॉल संग्रह की 100 मूर्तियों में से 24 संसदभवन पर्यटक केंद्र में स्थित हैं, जिनमें मुक्ति हॉल में स्थित 14 मूर्तियां शामिल हैं (*मूर्ति विवरण के लिए इस विवरणिका के अगले पृष्ठ देखें*)

**प्रतिनिधि सदन और सेनेट दीर्घाएं –** प्रवेश-द्वार पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर है - अनुमतिपत्र अपने सेनेटर या प्रतिनिधि से प्राप्त करें।

**दास श्रम स्मारक चिह्नक -** संसदभवन के निर्माण में दास श्रमिकों की भूमिका को सम्मान देते हुए बलुआ पत्थर का चिह्नक (इमैन्सिपेशन हॉल)

*दास श्रम स्मारक चिह्नक*

# U.S. CAPITOL
## पर्यटक केंद्र

- सूचना डेस्क / भ्रमण अनुमतिपत्र
- चलती सीढ़ी (एस्केलेटर)
- लिफ़्ट
- शौचालय (रेस्टरूम)

पर्यटक उत्तरी कोट चेक खिड़की पर पहिया-कुर्सी (व्हीलचेयर) का अनुरोध कर सकते हैं, जो ऊपरी मंज़िल पर पर्यटक प्रवेश द्वार के दाईं ओर स्थित है, या संसदभवन पर्यटक केंद्र कर्मचारी-वर्ग से भी मांग सकते हैं। सभी शौचालय सुलभ हैं।

शिशु स्तन-पान कक्ष निचली मंजिल पर संसद भवन कैफ़े के दक्षिण की ओर स्थित है। सभी आठ शौचालय स्थलों के समीप परिवार-शौचालय उपलब्ध हैं।

**मुफ़्त वाई-फाई से जुड़ें**
*CVC-Guest*

## ऊपरी मंज़िल




## निचली मंज़िल



### उपहार की दुकानें

**उपहार की दुकानें (ऊपरी मंज़िल):** संसदभवन की कला और वास्तुशिल्पीय धरोहर से प्रेरित अनूठा साज़-सामान, मज़ेदार और शैक्षणिक उपहार, किताबें, गहने, और रोमांचक कस्टम-डिज़ाइन वाले उत्पाद, यानि यादगार वस्तुएं खरीदने का उत्तम अवसर।

*सुबह 9 - शाम 4:30, सोमवार - शनिवार*

### भोजन

**कैपिटल कैफ़े (निचली मंज़िल):** ताज़ा बने सूप, सलाद, विशिष्ट मुख्य भोजन, पिज़्ज़ा, सैंडविच, मिठाइयाँ, और पेय पदार्थ, अमेरिका की विपुल विविधता को दर्शाते हैं।

*सुबह 8:30 – शाम 4, सोमवार - शनिवार*

## संसदभवन पर्यटक केंद्र में मूर्तियां

संसदभवन में नेशनल स्टेट्युरी हॉल संग्रह में वे मूर्तियाँ हैं जो अलग-अलग राज्यों द्वारा दान की गई हैं। हर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली दो मूर्तियाँ हैं जिन्हें उनके विधान-मंडल ने उल्लेखनीय नागरिकों का सम्मान करने के लिए चुना है। संसदभवन पर्यटक केंद्र में प्रदर्शित 25 मूर्तियां (24 नेशनल स्टेट्युरी हॉल संग्रह से) देश की विविधता और इसके नागरिकों द्वारा किए गए योगदान का प्रतिनिधित्व करती हैं।

*तिरछे टाइप में लिखी गयी तिथियाँ उस वर्ष को इंगित करती हैं जब उस मूर्ति को संग्रह में शामिल किया गया।*

**फ़िलो टी. फार्नस्वर्थ (1906–1971) यूटॉ,** *कांस्य, जेम्स आर अवती द्वारा, 1990.* आविष्कारक । प्रारंभिक इलेक्ट्रॉनिक टेलीविज़न प्रणाली तैयार करने के लिए उन्हें "टेलीविज़न का जनक" कहा जाता है, जिसकी उन्होंने पहली बार हाईस्कूल में कल्पना की थी । शुरुआती टेलीविज़नों में उनके 100 पेटेंट का इस्तेमाल होता था। उनको इन्फ्रारेड नाइट लाइट, इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, बेबी इनक्यूबेटर, गैस्ट्रोस्कोप, खगोलीय दूरबीन, और रडार के विकास में उपयोग किए जाने वाले आविष्कारों के लिए 160 से अधिक पेटेंट मिले। उन्हें एक इलेक्ट्रॉनिक कैमरा ट्यूब थामे हुए दिखाया है जिसका उन्होंने 1920 के दशक में आविष्कार किया था।

**पोपे (1630?-1692 से पहले) न्यू मैक्सिको,** *संगमरमर, क्लिफ़ फ़्रैगुआ द्वारा, 2005.* पुएब्लो के धार्मिक और आध्यात्मिक नेता। सैन ह्वान पुएब्लो, अब न्यू मैक्सिको, में जन्मे। 1680 में स्पैनिश-विरोधी पुएब्लो विद्रोह के आयोजक, जिसने पुएब्लो संस्कृति के अस्तित्व को सुनिश्चित करने में मदद की और दक्षिणपश्चिमी अमेरिकी इतिहास को आकार दिया। एक भालू का बुत और विद्रोह के समय के समन्वयन के लिए इस्तेमाल की गई गाँठ-दार रस्सी धारण किये हुए; प्रतिमा में पुएब्लो संस्कृति का प्रतीक एक बर्तन भी शामिल है।.

**जेनेट रैंकिन (1880-1973) मोंटाना**, *कांस्य, टेरी मिनमोघ द्वारा, 1985.* सामाजिक कार्यकर्ता, व्याख्याता, और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा सदस्य जो 1917-1919 और 1941-1943 सभासद रहीं। अमेरिकी संसद में चुनी गई पहली महिला। शांति और महिलाओं के अधिकारों के लिए प्रसिद्ध प्रचारक। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका के प्रवेश के विरुद्ध मतदान किया। कांग्रेस की ऐसी एकमात्र सदस्य जिन्होंने 1941 में जापान पर युद्ध की घोषणा का यह कहते हुए विरोध किया कि "एक महिला होने के नाते मैं युद्ध में नहीं जा सकती... और मैं किसी और को भी भेजने से इंकार करती हूं।"

**मारिया एल. सैनफ़ोर्ड (1836–1920) मिनेसोटा,** *एवलिन रेमंड द्वारा कांस्य, 1958.* शिक्षक और महिलाओं के अधिकारों की चैंपियन। महिलाओं के मताधिकार और अफ़्रीकी अमेरिकियों की शिक्षा का समर्थन किया; वयस्क शिक्षा और अभिभावक-शिक्षक संगठनों की अवधारणा का पथप्रदर्शन किया। कनेक्टिकट नॉर्मल स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। स्वर्थमोर कॉलेज में इतिहास की प्रोफ़ेसर। मिनेसोटा विश्वविद्यालय में 20 वर्षों तक पढ़ाया। कॉलेज की प्रोफ़ेसर बनने वाली पहली महिलाओं में से एक।

**जोसेफ़ वार्ड (1838–1889) दक्षिण डकोटा,** *ब्रूनो बेघे द्वारा संगमरमर, 1963.* मिशनरी और शिक्षक। दक्षिण डकोटा को राज्य का दर्जा दिए जाने के आंदोलन के नेता। डकोटा क्षेत्र की राजधानी यांकटन में अभिषिक्त पादरी। यांकटन अकादमी खोली और यांकटन कॉलेज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्य का संविधान तैयार किया, और राज्य के नीति वाक्य तथा राज्य की मोहर के वृतांत की रचना की।

**विलियम एडगर बोराह (1865–1940) आइडाहो,** *ब्रायन बेकर द्वारा कांस्य, 1947.* वकील, अमेरिकी सेनेटर 1907-1940. शिक्षा और श्रम समिति के अध्यक्ष के रूप में वे बिल प्रवर्तित किये जिनसे श्रम विभाग और बच्चों के ब्यूरो का निर्माण हुआ। सेनेट की विदेश-सम्बन्ध-समिति के अध्यक्ष। प्रकांड वक्ता, जिन्हें "आइडाहो के शेर" के नाम से जाना जाता है।

**जॉन एल. "जैक" स्वाइगर्ट, जूनियर (1931–1982) कोलोराडो,** *जॉर्ज और मार्क लुंडिन द्वारा कांस्य, 1997.* पायलट और अंतरिक्ष यात्री। कोरिया में वायु सेना के लड़ाकू पायलट और परीक्षण पायलट। नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के 1970 के अपोलो-13 चंद्र-मिशन पर क्रू के तीन सदस्यों में से एक, जिसे ऑक्सीजन टैंक टूटने के बाद रद्द कर दिया गया था। क्रू (कर्मी दल) ने अंतरिक्ष में लगभग छह दिन बिताए। प्रतिनिधि सदन की विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति के कार्यकारी निदेशक। 1982 में प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए, लेकिन कार्यभार सँभालने से एक सप्ताह पहले उनकी मृत्यु हो गई।

**चीफ़ वाशाकी (1800?–1900) वायोमिंग,** *डेव मैकगरी द्वारा कांस्य, 2000.* योद्धा और शोशोनी जनजाति के प्रवक्ता। फ्रेंच, अंग्रेजी, और कई आदिवासी अमेरिकी भाषाओं में पारंगत। उन्होंने कई शोशोनी बैंडो को एकजुट किया। शोशोनी के निवास स्थल के रूप में वायोमिंग में 30 लाख एकड़ से अधिक ज़मीन का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी सेना से बातचीत की। उनका अंतिम संस्कार पूर्ण अमेरिकी सैन्य सम्मान के साथ किया गया। वस्त्रों की हर बारीकी को रंगों से बहुत ही बढ़िया ढंग से चित्रित किया गया है।

**यूसेबीओ फ्रांसिस्को कीनो (1645–1711) एरिज़ोना,** *सुज़ैन सिल्वरक्रूज़ द्वारा कांस्य, 1965.* मिशनरी, अन्वेषक, और कार्टोग्राफर। इटली में पैदा हुए जेसुइट प्रीस्ट। मेक्सिको और निचले कैलिफोर्निया की खोज यात्राओं का नेतृत्व किया और दक्षिणी एरिज़ोना में पीमा इंडियंस के साथ काम किया। कैलिफ़ोर्निया और एरिज़ोना में मिशन, रैंच, और सड़कें बनाईं। सितारों से अक्षांश की गणना में उपयोग किए जाने वाले एक यंत्र को थामे हुए दिखाया गया है।

**सारा विन्नेमक्का (1844–1891) नेवाडा,** *बेंजामिन विक्टर द्वारा कांस्य, 2005.* अनुवादिका, शिक्षक, और लेखिका। अपने पियूट लोगों और अमेरिकी सेना के बीच समझौता वार्ता की। आदिवासी अमेरिकी बच्चों के लिए एक स्कूल शुरू किया, जिसमें आदिवासी भाषा और अंग्रेज़ी दोनों में पढ़ाया। उनकी आत्मकथा, लाइफ़ अमन्ग द पिय्यूट्स: देअर रॉंग्स एंड क्लेम्स, आदिवासी अमेरिकी महिला द्वारा लिखी गई पहली पुस्तक थी। शेलफ्लॉवर थामे हुए, जो कि पियूट भाषा में उनका नाम है।

**नरेश कामेहामेहा प्रथम (1758 ?–1819) हवाई,** *कांस्य और सोना, थॉमस आर. गोल्ड द्वारा 1879 की प्रतिमा की प्रतिकृति, 1969.* योद्धा और राजा। अपने शासन के तहत हवाई के सभी बसे हुए द्वीपों को एकीकृत किया। व्यापार को प्रोत्साहित किया और हवाई को बाकी दुनिया के लिए खोला। उन्हें कामेहामेहा द ग्रेट भी कहा जाता है। हेलमेट सहित हवाईयन राजसी सत्ता का सोने का पानी चढ़ा हुआ राजचिह्न और हवाई के मेमो पक्षी के पंखों से बना लबादा धारण किये हुए दिखाया गया है।



**मदर ज़ोसेफ़ (1823–1902) वाशिंगटन,** *कांस्य, फ़िलिक्स डब्ल्यू दे वेल्डन द्वारा, 1980.* मिशनरी और वास्तुकार। कैनैडा में मॉन्ट्रियल के समीप जन्मीं, बचपन का नाम एस्टर पैरिज़ीउ था। 20 साल की उम्र में एक कैथोलिक नन बन गईं। भविष्य के वाशिंगटन राज्य सहित अमेरिका की प्रशांत सागरवर्ती उत्तर पश्चिमी टेरिटरीज़ की ओर मिशनरियों को लेजाने का नेतृत्व किया। ग्यारह अस्पतालों, सात अकादमियों, पांच आदिवासी अमेरिकी स्कूलों, और दो अनाथाश्रमों के डिजाइन बनाये, निर्माण की निगरानी की और धन जुटाया। ड्राफ्टिंग उपकरण और उनकी कुछ इमारतों की छवियां पैडस्टल पर दिखाई गईं हैं।

### संसदभवन कला का सम्मान

अपनी यात्रा के दौरान, संसदभवन की मूर्तियों और कला के अन्य नमूनों को संरक्षित रखने में मदद करें। उन्हें देखने का आनंद लें, लेकिन कृपया उन्हें छूएं नहीं - प्रत्येक स्पर्श कुछ नुकसान करता है।

**साकाकावेआ (1788 ?–1812) उत्तर डकोटा,** *लियोनार्ड क्रुनेल द्वारा 1910 की प्रतिमा की प्रतिकृति, कांस्य, 2003.* इंटरप्रेटर और गाइड। 1805 में, अपने नवजात बेटे को पीठ पर लादे हुए, मेरिवैदर लुईस और विलियम क्लार्क की अध्यक्षता में नॉर्थवेस्ट अभियान में सहायता की, जो कि आज उत्तरी डेकोटा है। उनकी उपस्थिति जनजातियों के लिए यह संकेत था कि यह अभियान शांतिपूर्ण है। यात्री, अनुवादक, राजनयिक, पत्नी और मां के रूप में सम्मानित। उनके हिदात्सा कबीले ने उन्हें सकाकावेआ, या "बर्ड वूमन", का नाम दिया।

**हेलेन केलर (1880–1968) अलाबामा,** *एडवर्ड हलाव्का द्वारा कांस्य, 2009.* लेखिका, व्याख्याता, और विकलांग व्यक्तियों तथा अन्य सामाजिक लक्ष्यों के लिए सक्रिय कार्यकर्ता। बचपन में एक बीमारी के बाद अंधी और बहरी हो गईं। सांकेतिक भाषा, बोलना, और ब्रेल सीखी। कॉलेज से स्नातक बनने वाली पहली अंधी और बहरी व्यक्ति। "दुनिया में अमेरिका के सद्भावना राजदूत" के रूप में जानी जाती हैं। तुस्कुम्बिया, अलाबामा में अपने घर के पानी के पंप पर 7 साल की बच्ची के रूप में दिखाया गया है, जहां उनहोंने पहली बार सांकेतिक शब्द "पानी" को समझा और मन की बात बताना सीखा।



## स्वतंत्रता की मूर्ति

संसदभवन गुम्बद के ऊपर स्वतंत्रता की कांस्य मूर्ति के लिए प्लास्टर के मूल नमूने का जीर्णोद्धार कर दिया गया है और अब यह संसदभवन पर्यटक केंद्र में इमैन्सिपेशन हॉल का केंद्र बिंदु है, जो पर्यटकों को प्रतीकात्मक मूर्ति का एक करीबी नज़ारा प्रदान करता है। मॉडल की ऊँचाई 5.9 मीटर और वजन लगभग 13,000 पाउंड है।

1857 में, रोम में काम कर रहे एक अमेरिकी मूर्तिकार थॉमस क्रॉफ़र्ड ने स्वतंत्रता की मूर्ति के लिए प्लास्टर का नमूना पूरा किया। क्रॉफ़र्ड की मृत्यु के बाद, एक अन्य अमेरिकी मूर्तिकार, क्लार्क मिल्स को डिस्ट्रिक्ट ऑव कोलंबिया में उनके ढलाई-घर में मूर्ति का ढांचा निर्मित करने के लिए काम पर रखा गया। जब उस श्रमिक ने, जिसने प्लास्टर के मॉडल को जोड़ा था, तब तक उसे अलग-अलग करने से इंकार कर दिया जब तक कि अतिरिक्त वेतन के लिए उसकी अनुचित मांगें पूरी न कर दी जाएँ, तो एक दास शिल्पकार फ़िलिप रीड ने, जिसका स्वामी क्लार्क मिल्स था, ये तय किया कि हिस्सों को कैसे अलग किया जाए ताकि उन्हें ढालने के लिए ढलाईघर में ले जाया जा सके।

ढलाईघर में, सांचों के नीचे आग जलती रखने के काम का ज़िम्मा रीड को सौंपा गया, और जब प्लास्टर मॉडल के हिस्सों को कांस्य में ढाला गया तब वह रीड ही था जिसने अन्य गुलाम मज़दूरों के साथ मिल कर काम किया। फ़िलिप रीड को1862 में पूर्ण कांस्य प्रतिमा को संसदभवन मैदान में स्थानांतरित करने से कुछ समय पहले मुक्त कर दिया गया, और 2 दिसंबर, 1863 को जब गुम्बद पर मूर्ति का आखिरी टुकड़ा यथास्थान लगाया गया, तब वह एक स्वतंत्र व्यक्ति था।

◀ *स्वतंत्रता की मूर्ति का प्लास्टर का नमूना प्रदर्शनी हॉल के प्रवेश द्वार के सामने इमैन्सिपेशन हॉल के पश्चिमी हिस्से में ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता हुआ खड़ा है।*

## संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर स्तिथ मूर्तियां

*निम्नलिखित चार मूर्तियां ऊपरी मंज़िल की पूर्वी लॉबी में स्थित हैं जहाँ से नीचे इमैन्सिपेशन हॉल दिखाई देता है।*

**जूलियस स्टर्लिंग मॉर्टन (1832–1902) नेब्रास्का,** *रुडल्फ़ एवंस द्वारा कांस्य, 1937.* किसान, विधायक और मंत्रीमंडल के सदस्य। आर्बर डे के संस्थापक, जो 22 अप्रैल को, उनके जन्मदिन पर, मनाया जाता है। नेब्रास्का में तब ज़मीन का दावा किया जब वह एक टेरिटरी बना भी नहीं था। टेरिटोरियल विधान मंडल के सदस्य बने और टेरिटरी के सचिव नियुक्त किये गए। राष्ट्रपति क्लीवलैंड के कृषि मंत्री के रूप में कार्य किया। नेब्रास्का के अनेक खंडों वाले सचित्र इतिहास का सम्पादन शुरू किया। मूर्ति के आधार-तल पर, आर्बर दिवस के प्रतीक के रूप में, वृक्ष का तना, पौधा, टहनियां काटने वाली कतरनी, और फावड़ा दिखाई देते हैं।

**एडवर्ड डगलस व्हाइट (1845–1921) लुइसियाना,** *आर्थर सी. मॉर्गन द्वारा कांस्य, 1955.* वकील, राज्य विधायक, अमेरिकी सेनेटर 1891-1894, यूएस सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस 1894-1921, और संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया 1910-1921. 16 साल की उम्र में संघीय सेना में भर्ती हुए, लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस के रूप में अफ़्रीकी अमेरिकियों के वोट देने के अधिकार को समर्थन दिया। राष्ट्रपति क्लीवलैंड द्वारा सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किये गये।

**अर्नेस्ट ग्रुनिंग (1886–1974) अलास्का,** *जॉर्ज एंथोनिसन द्वारा कांस्य, 1977.* पत्रकार, अलास्का टेरिटरि के गवर्नर, और अमेरिका के सेनेटर 1959-1969. मेडिकल स्कूल से स्नातक, लेकिन बोस्टन और न्यूयॉर्क में एक संवाददाता, संपादक, और प्रबंध संपादक बने। अलास्का अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग आयोग के लिए नियुक्त किए गये। 1939 से 1953 में सेवा-निवृत्ति तक गवर्नर के रूप में कार्य किया। अलास्का के पहले दो सेनेटरों में से एक। "अलास्का को राज्य का दर्जा दिए जाने के जनक" कहलाते हैं।



**जेम्स पी.क्लार्क (1854–1916) आरकंसॉ,** *पोम्पेओ कॉप्पिनी द्वारा संगमरमर, 1921.* वकील, राज्य विधायक और अटॉर्नी जनरल, गवर्नर, और अमेरिकी सीनेटर 1903-1916. दो बार सेनेट के अल्पकालिक अध्यक्ष चुने गए। पनामा नहर परियोजना और फिलिप्पीन की स्वतंत्रता का समर्थन किया। सेनेट की वाणिज्य समिति के अध्यक्ष के रूप में, नौकरीदाताओं के उत्तरदायित्व और श्रमिकों के मुआवज़े का क़ानून पारित करने में मदद की।

राष्ट्रीय स्टेट्युरी हॉल के मूर्ति संग्रह में राज्य मूर्तियों के बारे में मार्ग-दर्शिका एप्पल ऐप स्टोर तथा गूगल प्ले के मध्यम से नि:शुल्क मोबाईल ऐप के रूप में उपलब्ध है।
www.visitthecapitol.gov/apps

## संसदभवन पर्यटक केंद्र में अन्यत्र स्थित मूर्तियां

राष्ट्रीय मूर्ति हॉल संग्रह से निम्नलिखित छह मूर्तियां संसदभवन पर्यटक केंद्र के सार्वजनिक स्थल के बाहर के क्षेत्रों में स्थित हैं। यदि आप इनमें से किसी भी मूर्ति को देखने में रुचि रखते हैं, तो कृपया किसी पर्यटक सहायक से बात करें।

**जॉन एम क्लेटन (1796–1856) डेलावेयर**
**जेम्स ज़ेड जॉर्ज (1826–1897) मिसिसिपी**
**वेड हेम्प्टन (1818–1902) दक्षिण कैरोलाइना**
**एफ्राएम मैक्डॉवैल (1771–1830) केंटकी**
**डॉ॰ जॉन मैक्लाफ़्लिन (1784–1857) ऑरेगन**
**जनरल ई. कर्बी स्मिथ (1824–1893) फ़्लोरिडा**

## मानवाधिकार नेताओं का सम्मान

**फ़्रेडरिक डगलस (1818–1895)**, का जन्म टैलबोट काउंटी, मैरीलैंड, में एक दास परिवार में हुआ था। वह नागरिक और मानव अधिकारों के लिए देश के सबसे प्रभावशाली समर्थकों में से एक बन गये। 1838 में दासता से बच निकलने के बाद, वह मैसाचुसेट्स के न्यू बैडफ़ोर्ड चले गए, और दासता उन्मूलन आंदोलन में शामिल हो गए। उन्होंने तीन आत्मकथाएं लिखीं, और रोचेस्टर, न्यूयॉर्क में, जहां वह 25 साल तक रहे, उन्होंने देश के अग्रणी अफ़्रीकी अमेरिकी समाचार पत्र का प्रकाशन किया। गृह युद्ध के दौरान डगलस ने नई अफ़्रीकी अमेरिकी रेजिमेंट्स के लिए सैनिकों को भर्ती किया। वह 1872 में वाशिंगटन, डीसी, चले आये, जहां उन्हें कई बार सार्वजनिक पदों पर नियुक्त किया गया, और 1895 में यहीं उनकी मृत्यु हुई। डगलस ने अफ़्रीकी अमेरिकियों और महिलाओं के लिए मतदान के अधिकार, दासता से आज़ाद हुए लोगों के लिए समान अधिकार, और कुद्ध भीड़ द्वारा हत्या के विरुद्ध (एंटी-लिंचिंग) क़ानूनों के लिए आजीवन अथक रूप से काम किया। संसद द्वारा पारित अधिनियम के तहत, स्टीवन वाइत्ज़्मैन द्वारा बनाई गई और डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया द्वारा दान की गई फ़्रेडरिक डगलस की एक मूर्ति 19 जून, 2013 को इमैन्सिपेशन हॉल में स्थापित की गयी।



इसाबेला बाउमफ्री के रूप में 1797 में दासता में पैदा हुईं, **सोजरनर ट्रुथ** लगभग नौ वर्ष की उम्र में एक नीलामी में बेच दी गयीं। 30 साल की उम्र तक, इसाबेला को पांच मालिकों ने गुलाम बनाया, लेकिन 1826 में वह मुक्त होने के लिए साहसपूर्वक निकल गईं। अपनी धार्मिक मान्यताओं से प्रेरित, इसाबेला ने अपना नाम बदलकर सोजरनर ट्रुथ रख लिया और दासता-उन्मूलन तथा महिलाओं के अधिकारों के बारे में प्रचार करना शुरू कर दिया। आर्टिस लेन द्वारा निर्मित सोजरनर ट्रुथ की आवक्ष मूर्ति अमेरिका के संसदभवन में एक अफ़्रीकी अमेरिकी महिला का सम्मान करने वाली पहली मूर्ति है। इसका इमैन्सिपेशन हॉल में अप्रैल 2009 में अनावरण किया गया था।

**राउल वालेंबर्ग** एक स्वीडिश राजनयिक थे जिन्होंने, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बुडापेस्ट में अपने देश के राजदूत के पद पर कार्य करते हुए, उन दसियों हज़ार यहूदियों का जीवन बचाने में मदद की जिन्हें वहां क़ब्ज़ा जमाये हुए नात्ज़ी फौजों और उनके हंगरी के सहयोगियों से खतरा था। मिरी मार्गोलिन द्वारा निर्मित वॉलनबर्ग की आवक्ष मूर्ति 1995 में अमेरिका की संसद द्वारा स्वीकार की गयी थी।

## संसदभवन भ्रमण आरक्षण और अनुमतिपत्र

**संसदभवन पर्यटक केंद्र में पहुँचने पर, यदि आपने भ्रमण के लिए आरक्षण करवाया है** और आपके पास आरक्षण पुष्टिकरण या पुष्टिकरण नंबर है, तो कृपया **संसदभवन भ्रमण अनुमतिपत्र लेने** के लिए निचली मंज़िल पर दाईं (उत्तर) ओर सूचना डेस्क पर जाएं।

संसदभवन पर्यटक केंद्र पहुँचने पर, यदि आपने संसदभवन *भ्रमण के लिए पहले से आरक्षण नहीं करवाया है,* तो कृपया निचली मंज़िल पर बाईं (दक्षिण) ओर स्थित सूचना डेस्क पर **"आरक्षण के बिना पर्यटक"** वाले क्षेत्र पर जाएं।

**कृपया ध्यान दें:** अमेरिका का संसदभवन भ्रमण के अनिर्धारित निलंबन के अधीन है। इस बारे में सूचना *www.visitthecapitol.gov* और सोशल मीडिया पर दिखाई देगी।

**संसदभवन भ्रमण में साथ ले चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय विवरणिकायें,** जो भ्रमण की मुख्य बातों की भी जानकारी देती हैं, पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर सूचना डेस्कों पर और पर्यटक गइडों से अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में पर्यटकों के लिए उपलब्ध हैं। उपलब्ध भाषाएं हैं: अम्हरिक, अरबी, चीनी, फ़्रेंच, जर्मन, हिंदी, इतालवी, जापानी, कोरियाई, पुर्तगाली, रूसी, स्पैनिश, और वियतनामी।

संसद भवन पर्यटक केंद्र से नियमित रूप से ताज़ा जानकारी का ग्राहक बनने के लिए *www.visitthecapitol.gov/subscribe* पर जाएँ

अमेरिका के संसदभवन का भ्रमण करने के लिए आपका धन्यवाद। आपकी प्रतिक्रिया हमारे लिए महत्वपूर्ण है। *comments@visitthecapitol.gov* पर अपने अनुभव को साझा करें

U.S. CAPITOL

www.visitthecapitol.gov
Twitter @visitthecapitol
www.visitthecapitol.gov/apps

CVC #19-078